आई.एस.ओ. 9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ

● वर्ष- 15 अंक-272 ● कटनी ● सोमवार, 8 नवम्बर, 2021 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ●कार्तिक शुक्ल पक्ष -4 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935

**सुविचार**

जिसके पास धैर्य है, वह जो चाहे वो पा सकता है

हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिंन करें

WWW.yashbharat.co.in

# सुकमा में जवान ने साथियों पर एके-47 से बरसाईं गोलियां, चार की मौत

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के सुकमा में सीआरपीएफ 50 बटालियन कैंप से बड़ी वारदात की खबर सामने आई है। दरअसल, कैंप के एक जवान ने अपने ही साथियों पर रात एक बजे गोली चला दी। इस घटना में चार जवानों की मौत हो गई तो तीन घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि घायल जवानों में एक की हालत गंभीर बनी हुई है।

## जवानों के बीच हुआ था विवाद

सीआरपीएफ कैंप के जिस जवान पर साथियों पर गोली चलाने का आरोप है, वह देर रात नक्सली क्षेत्र में ड्यूटी पर तैनात था। बताया जा रहा है कि इसी दौरान जवानों के बीच कुछ विवाद हो गया, जो हिंसा में बदल गया। इसके बाद सीआरपीएफ जवान आपे से बाहर हो गया और उसने गोलीबारी शुरू कर दी। इसी घटना में चार सीआरपीएफ जवानों की मौत हो गई।

## आरोपी जवान से पूछताछ जारी

बस्तर क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी ने बताया कि लिंगनपल्ली गांव में स्थित सीआरपीएफ की 50वीं बटालियन के शिविर में जवान रितेश रंजन ने अपने साथियों पर गोली चला दी है। उन्होंने बताया कि इस घटना में चार जवानों धनजी, राजीब मंडल, राजमणि कुमार यादव और धर्मेंद्र कुमार की मृत्यु हो गई है जबकि तीन



अन्य जवान धनंजय कुमार सिंह, धरमात्मा कुमार और मलय रंजन महाराणा घायल हो गए हैं।

सुंदरराज ने बताया कि पुलिस को जानकारी मिली है कि आज तड़के करीब 3.15 बजे जवान रितेश ने विवाद के बाद अपनी एके-47 राइफल से अन्य जवानों पर गोली चला दी। उन्होंने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही अन्य जवान और अधिकारी वहां पहुंच गए। अधिकारियों और जवानों ने आरोपी जवान को पकड़ा तथा घायल जवानों को तेलंगाना के भद्राचलम जिले के अस्पताल ले जाया गया। उन्होंने बताया कि चिकित्सकों ने चार जवानों को मृत घोषित कर दिया जबकि तीन जवानों का इलाज किया जा रहा है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि आरोपी जवान से पूछताछ की जा रही है। उससे पूछताछ के बाद घटना के कारणों के बारे में जानकारी मिल सकेगी।

## जांच कर रहे सीआरपीएफ के अधिकारी

अभी साफ नहीं हो पाया है कि आरोपित जवान रितेश रंजन यह क्यों किया, लेकिन प्रारंभिक जानकारी में जवानों के बीच विवाद की बात सामने आ रही है। सीआरपीएफ के अधिकारी मामले की जांच कर रहे हैं। बस्तर आइजी घटनास्थल के लिए रवाना हो चुके हैं। जवान द्वारा साथियों पर गोली चलाने की यह पहली घटना नहीं है, इसके पहले भी ऐसे मामले सामने आ चुके हैं।

## फटाफट खबरें



### विराट-धोनी-शास्त्री की तिकड़ी हुई फेल

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान विराट कोहली सीमित ओवरों के क्रिकेट में एक भी आईसीसी टूर्नामेंट नहीं जीत पाए। टी-20 वर्ल्ड कप 2021 के बाद एकदिवसीय और टी-20 प्रारूप से टीम इंडिया की कप्तानी छोड़ने का एलान कर चुके विराट के लिए इस बार ट्रॉफी जीतने का आखिरी मौका था, लेकिन वह भी उनके हाथ से निकल गया। रन मशीन के नाम से मशहूर विराट कोहली ने वैसे तो अपनी कप्तानी में कई उपलब्धियां हासिल की लेकिन वर्ल्ड कप जीतने का उनका सपना सिर्फ सपना बनकर ही रह गया।

### चेन्नई में 11 नवंबर तक बारिश का रेड अलर्ट, पुदुचेरी में स्कूल-कॉलेज बंद

**चेन्नई।** शनिवार से शुरू हुई बारिश से लोगों को फिलहाल राहत नहीं मिलने वाली है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि बंगाल की खाड़ी के ऊपर निम्न दबाव क्षेत्र बन रहा है, जिस कारण यहां 11 नवंबर तक भारी बारिश के आसार बने हुए हैं। बारिश के खतरे को देखते हुए भारतीय मौसम विभाग ने चेन्नई में रेड अलर्ट जारी किया है। वैज्ञानिकों का कहना है कि यहां पर इससे पहले 2015 में आई बाढ़ के समय इतनी बारिश देखी गई थी। दरअसल, चेन्नई में शनिवार से शुरू हुई बारिश रविवार को भी जारी रही, जिसके बाद यहां रिकॉर्ड बारिश दर्ज की गई। राज्य में बारिश के खतरे को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुख्यमंत्री एमके स्टालिन को हर संभव मदद का भरोसा दिया है। भारी बारिश को देखते हुए तमिलनाडु के कई जिलों में स्कूलों को भी बंद कर दिया गया है।

### कोरोना का टीका लगवाया तो बरसा पैसा,युवती को मिले 7.4 करोड़ रुपये

**सिडनी।** कोविड-19 महामारी से बचना है तो टीका लगवाना जरूरी है। इस तरह का संदेश लगभग हर देश की सरकार अपने नागरिकों को दे रही है और उन्हें तरह-तरह से जागरूक भी कर रही है। अब यह खबर भी आपको टीका लगवाने के लिए प्रेरित कर सकती है। दरअसल, एक युवती ने कोरोना का टीका लगवाया तो उसके पास छप्पर फाड़कर पैसों की बारिश हुई और उसे कुल 7.4 करोड़ रुपये का इनाम मिला।






## आडवाणी का जन्मदिन बधाई देने घर पहुंचे मोदी

**नई दिल्ली।** भाजपा के फायर ब्रांड नेता और राम मंदिर रथ यात्रा के प्रणेता लाल कृष्ण आडवाणी का आज जन्मदिन है। वह 94 साल के हो गए हैं। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें ट्वीट करके शुभकामनाएं दीं। इसके बाद वह बधाई देने के लिए आडवाणी के घर पहुंचे। उनके साथ उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा मौजूद थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आडवाणी के जन्मदिन पर ट्वीट किया। उन्होंने लिखा, %आडवाणी जी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। मैं उनके लंबे और स्वस्थ जीवन की कामना करता हूं।

# जाति-धर्म, पत्नी के बाद अब साली पर वार

## नवाब मलिक और समीर के बीच और बढ़ी तकरार





मुंबई। आर्यन खान ड्रग केस में एक के बाद एक खुलासे हो रहे हैं। अब यह मामला पूरी तरह से समीर वानखेड़े बनाम नवाब मलिक के बीच हो चुका है। नवाब मलिक शुरू से ही एनसीबी अधिकारी पर हमलावर हैं। अब सोमवार को उन्होंने नया खुलासा किया है। उन्होंने अपने ट्विटर हैंडल पर समीर वानखेड़े की साली हर्षदा दीनानाथ रेडकर पर ड्रग व्यापार में लिप्त होने का आरोप लगाया है। इसके साथ ही उन्होंने इस मामले में पुणे कोर्ट में लंबित चल रहे मामले के सबूत भी पेश किए हैं। लंबित मामले के सबूत पेश करते हुए लिखा है- समीर दाउद वानखेड़े, क्या आपकी साली हर्षदा दीनानाथ रेडकर ड्रग व्यापार में शामिल है? तुम्हें जवाब जरूर देना चाहिए। क्योंकि, उसका केस पुणे हाईकोर्ट में लंबित है। समीर वानखेड़े का जवाब सामने आया है। मीडिया से बात करते हुए सोमवार को एनसीबी अधिकारी समीर वानखेड़े ने कहा है कि 2008 में उनकी साली हर्षदा दीनानाथ रेडकर का ड्रग केस सामने आया था। तब मैं नौकरी में ही नहीं था, और उस समय क्रांति रेडकर से मेरी शादी नहीं हुई थी तो मैं इस मामले से कैसे जुड़ा हो सकता हूं।

## लोकायुक्त ने खाद्य विभाग के आपूर्ति अधिकारी को रिश्वत लेते पकड़ा



**इंदौर।** लोकायुक्त पुलिस ने राशन दुकान पर किसी भी कार्रवाई नहीं करने के ऐवज में 15 हजार रुपये प्रति माह की रिश्वत की मांग करने वाले खाद्य विभाग के कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी धर्मेश शर्मा को रणनीति बनाकर सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। वह राजेन्द्र नगर स्थित अवासा रेसीडेंसी पर रिश्वत की पहली किश्त ले रहा था। लोकायुक्त पुलिस के पास राजेन्द्र नगर एबी रोड स्थित आनंद नगर निवासी अमित कलसी ने कलेक्टर कार्यालय में स्थित खाद्य विभाग में पदस्थ धर्मेंद्र शर्मा के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। अमित के अनुसार वह अहीर खेड़ी महिला सहकारी उपभोक्ता भंडार ग्राम बांक चंदन नगर इंदौर में शासकीय राशन दुकान में सेल्समैन है। धर्मेंद्र ने अमित से राशन की दुकान के संचालन के दौरान किसी प्रकार के छापे या अन्य कार्रवाई नहीं करने के ऐवज में हर महीने 15 हजार रुपये की रिश्वत की मांग की थी। धर्मेंद्र ने साथ ही धमकी दी थी कि राशन की दुकान में कई कमियां निकाल देगा और उसकी दुकान बंद करवा देगा।

## सुषमा की बेटी ने लिया दिवंगत मां का पद्म पुरस्कार

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद आज 119 हस्तियों को पद्म पुरस्कारों से सम्मानित करेंगे। इसके लिए नामों का एलान गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर ही कर दिया गया था। अलग-अलग क्षेत्रों में विशेष योगदान देने वाले नागरिकों को आज तीन श्रेणियों में पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री से सम्मानित किया जाएगा। इस बार जिन नामों को पद्म पुरस्कार दिए जाने हैं, उनमें जापान के पूर्व प्रधान मंत्री शिंजो आबे, बालासुब्रमण्यम (मरणोपरांत), सैंड कलाकार सुदर्शन साहू, पुरातत्वविद बीबी लाल को पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया है। इस साल पद्म विभूषण के लिए सुषमा स्वराज का नाम तय किया गया था। उन्हें यह पुरस्कार मरणोपरांत दिया जाना था। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद से यह सम्मान लेने सुषमा की बेटी बांसुरी स्वराज पहुंचीं।



राष्ट्रपति ने बैडमिंटन की स्टार खिलाड़ी पीवी सिंधु को पद्म भूषण से सम्मानित किया। सिंधु अब तक भारत के लिए कई अंतरराष्ट्रीय खिताब जीत चुकी हैं। चिकित्सा क्षेत्र में सेवा के लिए एयर मार्शल पद्मा बंदोपाध्याय को राष्ट्रपति ने पद्मश्री से सम्मानित किया। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने लोकप्रिय हिंदुस्तानी शास्त्रीय गायक पंडित छन्नूलाल मिश्रा को पद्म विभूषण पुरस्कार से सम्मानित किया। पाकिस्तान की नागरिकता छोड़कर भारत की नागरिकता लेने वाले लोकप्रिय गायक अदनान सामी को पद्मश्री से सम्मानित किया गया।

## अलकायदा से जुड़ रहे धर्मांतरण के तार

### एटीएस का दावा: उमर और कलीम के खाते में आए 79 करोड़ रुपये

**लखनऊ** एटीएस का दावा है कि अवैध धर्मांतरण के तार पाकिस्तानी आतंकी संगठन अल कायदा से जुड़ रहे हैं। एडीजी कानून व्यवस्था प्रशांत कुमार ने दावा किया है कि इस मामले में पूर्व में महाराष्ट्र से गिरफ्तार एडम और कौसर आलम के पास से जो साक्ष्य मिले हैं, उससे पता चला है कि दोनों जिहाद की हिंसात्मक विचारधारा से प्रभावित व पोषित हैं। इसके अलावा कई ऐसे धार्मिक साहित्य जिनका संबंध अल कायदा जैसे आतंकी समूह से रहा है, उनसे भी दोनों का प्रभावित होना पाया गया है। एडीजी ने बताया कि जून में धर्मांतरण के बड़े सिंडिकेट का खुलासा हुआ था। मुख्य सरगना मौलाना उमर गौतम और कलीम सिद्दीकी समेत 16 आरोपियों को अलग अलग दिनों में अलग-अलग जगहों से गिरफ्तार किया जा चुका है। उमर का बेटा अब्दुल्ला इस सिंडिकेट में शामिल जहांगीर आलम, कौसर व फराज शाह से सीधे व सक्रिय रूप से संपर्क में रहा है। एडीजी ने बताया कि पूर्व में गिरफ्तार उमर गौतम और कलीम सिद्दीकी के खातों में 79 करोड़ रुपये की फंडिंग के साक्ष्य मिले हैं। इसमें उमर गौतम के खातों से 57 करोड़ और कलीम के खातों से 22 करोड़ रुपये मिले हैं। उमर और कलीम दोनों को ही लगभग एक जैसे संगठनों से ही फंडिंग हुई है। इनके और इनकी संस्थाओं के खातों में ब्रिटेन, अमेरिका व अन्य खाड़ी देशों से भी भारी मात्रा में हवाला व अन्य माध्यमो से पैसों के आने का प्रमाण मिला है।

## एसएमएस भेज 20 लाख कालेज के विद्यार्थियों को लगवाएंगे टीका



**भोपाल।** कालेज के विद्यार्थियों को अब एसएमएस के माध्यम से टीकाकरण का दूसरा डोज लगवाने के प्रति सचेत किया जाएगा। वहीं स्कूल के विद्यार्थियों को डेंगू से बचाव के लिए जागरूक करना है। साथ ही बच्चों को फुल आस्तीन के यूनिफार्म पहनने के निर्देश दिए गए हैं। स्कूल प्रबंधन को स्कूल परिसर में साफ-सफाई रखने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं प्रदेश के विश्वविद्यालयों के कुलपति और कालेज प्राचार्य अपने संस्थान में कोविड टीकाकरण का दूसरा डोज लगवाने के लिए जागरूकता अभियान चलाएं। अगर कोई विद्यार्थी कोविड टीकाकरण का दूसरा डोज नहीं लगवाया है तो उन्हें जागरूक करें। यह दिशा-निर्देश उच्च शिक्षा विभाग ने जारी किए हैं।

### मप्र में अब भी एक्टिव मामले 100, 6 फिर पॉजिटिव

भोपाल । एक तरफ मध्य प्रदेश में डेंगू के मरीजों की संख्या 12 हजार पार हो गई है वही दूसरी तरफ नवंबर में मध्य प्रदेश में कोरोना की रफ्तार धीमी होती जा रही है। 7 नवंबर 2021 को प्रदेश में सिर्फ 6 नए पॉजिटव सामने आए है और 13 मरीज स्वस्थ हुए, जिसके बाद एक्टिव केसों की संख्या 100 पहुंच गई है। मप्र में संक्रमण दर 0.01 प्रतिशत के साथ रिकवरी रेट 98.60 प्रतिशत हो गया है।



### नरोत्तम का तंज- मंथन के बाद एक ही शब्द निकलेगा जय जय कमलनाथ

**भोपाल।** मध्य प्रदेश उपचुनाव में मिली हार के बाद कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने मंगलवार 9 नवंबर को एक बड़ी बैठक बुलाई है, जिसमें उम्मीदवारों और चुनाव प्रभारियों से फीडबैक लिया जाएगा। इस बैठक को लेकर मध्य प्रदेश के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने तंज कसा है। नरोत्तम मिश्रा का कहना है कि इस मंथन के बाद एक ही शब्द निकलेगा वो है जय जय कमलनाथ।

## पिता और दो बेटों की हत्या कुएं में मिली तीनों की लाश




**रतलाम।** रतलाम जिले के सैलाना थाना क्षेत्र के ग्राम देवरूंडा में एक युवक और उसके दो बच्चों की कुएं में फेंक कर हत्या कर दी गई तीनों के शव पानी की मोटर से रस्सी से बंधे मिले। हत्या का कारण जमीन विवाद को लेकर बताया जा रहा है। पिता व पुत्रों की हत्या से सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर एसपी गौरव तिवारी व वरिष्ठ अधिकारी घटनास्थल पहुंचे। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार 35 वर्षीय किसान लक्ष्मण पुत्र मांगू भाभर निवासी ग्राम देवरूंड़ा ने अपने खेत की मोटर जलने पर रविवार सुबह सुधारने के लिए कुएं से बाहर निकाल कर रखी थी। शाम को लक्ष्मण व उसके पुत्र नहीं दिखे। स्वजन व ग्रामीणों ने उनकी तलाश शुरू की। वे कुएं के पास पहुंचे तो वहां मोटर और लक्ष्मण तथा उसके पुत्र 13 वर्षीय विशाल व 8 वर्षीय पुष्कर दिखाई नहीं दिए। शंका होने पर कुछ युवक कुएं के अंदर उतरे तो उन्हें अंदर तीनों के शव पानी की मोटर से बंधे हुए दिखाई दिए। इसके बाद तीनों के शव बाहर निकाले गए।

### सुप्रीम कोर्ट बोला- अपेक्षा के अनुरूप नहीं हो रही जांच

**गाजियाबाद ।** उत्तर प्रदेश के लखीमपुर में हुई हिंसा मामले में सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को सुनवाई की। चीफ जस्टिस एनवी रमन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ ने मामले की सुनवाई करते हुए उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से पेश की गई स्टेटस रिपोर्ट पर एक बार फिर से नाराजगी जताई है। कोर्ट ने कहा है कि हमने 10 दिन का समय दिया था। इसके बाद भी स्टेटस रिपोर्ट में कुछ भी नही हैं। सिवाय इतना कहने के कि गवाहों से पूछताछ की गई है। कोर्ट ने कहा कि हिंसा के मामले में 13 लोगों को गिरफ्तार किया गया है,

# पंचायत चुनाव की तैयारियां तेज, आज बैठक के बाद निर्णय

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में नवंबर के आखिरी सप्ताह में पंचायत चुनाव की तारीखों का ऐलान किया जा सकता है। इसके लिए तैयारियां जोरों पर है। अधिकारी कर्मचारियों की नियुक्ति के साथ ही उनकी जिम्मेदारी सौंपी जा चुकी है। इसी बीच एक बार फिर से सोमवार को निर्वाचन आयोग आंतरिक बैठक कर तैयारियों की समीक्षा करेगा। दरअसल राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा सोमवार को तैयारियों की समीक्षा करने के साथ साथ मतदान के लिए सेक्टर व जोनल अधिकारियों की नियुक्ति विशेष कार्यपालन अधिकारी सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। प्रदेश में चल रही चर्चाओं के भी संभावना जताई जा रही है कि नवंबर में कभी भी आचार संहिता लागू की जा सकती है। दिसंबर में मतदान कराया जा सकते हैं। हालांकि नगर निकाय चुनाव के लिए मामला अभी सुप्रीम कोर्ट में लंबित है। ऐसी




स्थिति में प्रदेश में पंचायत चुनाव पहले करवाए जाएंगे। प्रदेश में 3 चरणों में पंचायत चुनाव आयोजित किए जाएंगे। इससे पहले जिला पंचायत सदस्य, जनपद पंचायत सदस्य सरपंच सरपंच के निर्वाचन के लिए IEMS के माध्यम से सूचना जारी की जाएगी। इससे पहले निर्वाचन आयोग द्वारा पंचायत निर्वाचन के लिए DEO लॉग इन से निम्नानुसार मैपिंग का कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं। इसी बीच मतदान दल गठन के लिए ऑनलाइन पोर्टल पर जानकारी दर्ज करने का काम भी शुरू हो चुका है। मध्य प्रदेश में जिला पंचायत और जनपद पंचायत के चुनाव इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनके माध्यम से होंगे जब भी पंच-सरपंच के चुनाव हेतु पत्र से करवाए जाएंगे। इसके लिए राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा प्रारंभिक सभी तैयारियां पूरी की जा चुकी है। इसके अलावा मार्च 2022 तक रिक्त पंचायत के संस्थानों की जानकारी भी कलेक्टर द्वारा मंगवाई जा चुकी है।

### चुनाव कराने संबंधी सभी तैयारियां हो चुकी : आयोग

बताया जा रहा है कि आयोग कोर्ट के सामने भी यह तथ्य रख चुका है कि हमारी ओर से चुनाव कराने संबंधी सभी तैयारियां हो चुकी हैं। सिर्फ जिला पंचायत पद का आरक्षण होना बाकी रह गया है, जिसको लेकर प्रक्रिया पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को करनी है। इस संबंध में विभाग जल्द ही प्रक्रिया करके आयोग को अवगत कराएगा।

# निजीकरण की दासता स्वीकार नहीं करेगा इंटक






**कटनी।** जिला इंटक परिषद अध्यक्ष बीएम तिवारी ने रविवार को होटल टीजीएस में नवीन कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए दायित्व सौंपे। इस मौके पर आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए बीएम तिवारी ने कहा कि जिला इंटक की कार्य विधि को चार भागों में बांटा गया है। जैसे शिशु जन्म लेता है तो उसके प्रथम संरक्षक उसके माता-पिता होते हैं, वैसे ही हमने प्रथम एक संरक्षक मंडल बनाया है। उन्होंने बताया कि दूसरा उत्सव मनाने सम्मानित एवं विशेष आमंत्रित लोगों को शामिल किया है। इसी तरह तीसरा पद सलाहकार मंडल का और चौथा कार्यकारिणी के सम्मानित सदस्यों को शामिल किया गया है। इंटक अध्यक्ष ने बताया कि हमारा मुख्य एजेंडा शासन की दुराग्रहपूर्ण नीतियों को लेकर है, जिसमें मुख्य रुप से समस्त कर्मचारी वर्ग पर कुठाराघात किया जा रहा है। बड़े-बड़े शासकीय उपक्रमों को पूंजीपतियों के हाथों सौंपा जा रहा है, जो हमें पुनः गुलामी की ओर ले जाएगा। इंटक अध्यक्ष ने कहा कि निजीकरण के बाद अब मनमाने वेतन पर हमें काम करने के लिए मजबूर किया जाएगा। यह लोकतंत्र पर अत्याचार है। श्री तिवारी ने कहा कि निजीकरण का हम पुरजोर विरोध करते हैं। यह निजीकरण और उसकी दासता हम कभी स्वीकार नहीं करेंगे। श्री तिवारी ने कहा कि जिले में संचालित उद्योगों पर संगठित एवं असंगठित क्षेत्र के कामगार मजदूर जो अपने श्रम से उद्योगपतियों की जेबें भरते हैंए उसका मूल्यांकन एक सामाजिक एवं संवैधानिक नियमों मे कहां तक पालन हो रहा है उसकी समीक्षा एवं उन्हें न्याय दिलाना भी हमारी जिम्मेदारी है। श्री तिवारी ने भरोसा जताया कि सारे श्रमिक संगठन एक दिन हमारे प्लेटफार्म पर आवाज उठाने के लिए साथ होंगे। श्रमिक मजबूत होगा तो देश मजबूत होगा। इंटक अध्यक्ष ने बताया कि हमारी निगाहें शिक्षाए स्वास्थ्य और बैंक के निजीकरण पर हो रही गर्म चर्चाओं पर भी हैं। हम समाज के प्रबुद्ध वर्गों को भी साथ लेकर आगे बढ़ेंगे और और सरकार की नीतियों पर जिससे पूरा देश विचलित है विरोध दर्ज कराते रहेंगे। पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए वरिष्ठ इंटक नेता रमजान भारती, मुस्ताक भाई, कैलाश रजक, एस एन शुक्ला, हरिशंकर शुक्ला ने भी शासन की कर्मचारी विरोधी नीतियों की जमकर आलोचना की। वरिष्ठ इंटक नेता रमजान भारती ने इंटक के कटनी में 50 वर्षों के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए अपनी बात रखी। इस मौके पर बड़वारा विधायक बसंत सिंह, रामनरेश त्रिपाठी, श्याम शर्मा, एस एन शुक्ला, रामखेलावन गर्ग, महेंद्र शर्मा, देवीदीन गुप्ता, राजेश दीक्षित, राजा जगवानी, राजकिशोर यादव, मनु दीक्षित, अंशु मिश्रा, विक्रम खर्परिया, सुजीत द्विवेदी, कल्लू बैरागी, एम एच खान, डी आर सरवटे, मीनाक्षी वल्लवी, प्रमिला मरावी, रजनी वर्मा, सुमन सैनी, संजय खरे आदि मौजूद थे।

### कामगारों की आवाज उठाने किया जाएगा पुरजोर विरोध, इंटक अध्यक्ष की पत्रकारवार्ता

## अजाक्स कार्यकारिणी के गठन के लिए बैठक



अजाक्स जिला कार्यकारिणी के गठन हेतु अवश्यक बैठक का आयोजन स्वतंत्रता संग्राम सेनानी हाल पुरानी कचहरी में किया गया। उपस्थित लोगों ने सर्वप्रथम बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के छाया चित्र में माल्यार्पण किया। इस अवसर पर संरक्षक ए के कोरी, विकास खंड शिक्षा अधिकारी विजयराघवगढ़, महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष श्रीमती प्रीतिमा सहित अन्य लोगों की उपस्थिति रही।

# दुखी परिवारों के बीच सांत्वना देने पहुंचे विधायक





**कटनी।** विजयराघवगढ़ विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक कल विजयराघवगढ़ में दुखी वाले परिवारों के बीच संवेदनाएं व्यक्त करने पहुंचे, इसमें विजयराघवगढ़ नगर में वार्ड नंबर 1 निवासी राकेश राजू त्रिपाठी, अनिल त्रिपाठी, अरविन्द त्रिपाठी के छोटे भाई स्व. संजय त्रिपाठी संजू का गंभीर बीमारी से लड़ते हुए पिछले दिनों निधन हो गया था। विधायक श्री पाठक ने त्रियोदशी संस्कार में सम्मिलित होकर समाज के प्रमुख लोगों के साथ परिजनों से शोक संवेदनाएं व्यक्त की। इसी क्रम में उन्होंने विजयराघवगढ़ के किला रोड़ निवासी बलराम गुप्ता के पुत्र एवं वरिष्ठ पत्रकार घनश्याम गुप्ता के भतीजे स्व विकास गुप्ता, जिनका पिछले दिनों निधन हो गया था, विधायक श्री पाठक ने उनके निवास पर पहुंचकर परिजनों के बीच अपनी संवेदनाएं व्यक्त की। इसी तरह विजयराघवगढ़ विधानसभा में सबसे अधिक 106 वर्ष का जीवन पाने वाले ग्राम कुंदरेही निवासी स्व. लक्ष्मण प्रसाद शुक्ला का पिछले दिनों निधन हो गया था आज उनके निवास पर भी विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक ने कुंदरेही पहुंचकर पूज्य शुक्ला जी के तैलचित्र पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी एवं परिजनों से अपनी संवेदनाएं व्यक्त की।

### 11 नवंबर को उगते सूर्य को अर्घ्य देकर होगा समापन, घरों में प्रसाद बनाने के अलावा अन्य तैयारियों में जुटीं महिलाएं

# नहाय खाय के साथ आज से छठ पूजा का आगाज



**कटनी।** चार दिवसीय सूर्योपासना के महापर्व छठ पूजन की आज नहाय खाय के साथ शुरूआत हो गई। शहर में बसे उत्तर भारतीयों के द्वारा पर्व को धूमधाम से मनाने के लिए घरों में तैयारियां शुरू हो गई हैं। व्रत के लिए महिलाओं ने प्रसाद बनाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। उधर सिमरौल नदी के गायत्रीनगर स्थित बाबाघाट व उपनगरीय क्षेत्र छपरवाह के हनुमान घाट स्थित पूजा स्थल की साफसफाई भी शुरू हो गई है। इसके अलावा शहर व उपनगरीय क्षेत्रों में स्थित दूसरे नदी घाटों को भी साफ-सफाई कर पूजा के लिए तैयार किया जा रहा है। कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि को छठ पूजा होती है। इसमें भगवान सूर्य देव की पूजा होती है। इसलिए इसे सूर्य षष्ठी भी कहा जाता है। इस पूजा का पूर्वांचल में विशेष महत्व है। महिलाएं घर परिवार की उन्नति, संतान की प्राप्ति एवं सुखी जीवन के लिए विधि विधान से छठ पूजा करती हैं। मुख्यतः तीन दिन के आयोजन में सूर्य देव की उपासना होती है। इसका आगाज आज 8 नवंबर को नहाय खाय के साथ हो गया है। महिलाओं ने प्रसाद सामग्री घर पर बनाने की तैयारियां शुरू कर दी है। दस नवंबर यानी बुधवार को अस्त होते सूर्य और बृहस्पतिवार की सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य देकर व्रत का पारायण होगा।

### छठ पूजा एक नजर में

खरना-नहाय खाय के दूसरे दिन खरना होता है। छठ पूजा का यह महत्वपूर्ण दिन है। इस दिन महिलाएं व्रत रखती हैं और खीर खाकर 36 घंटे का निर्जला व्रत रहती हैं। इसी दिन पूजा के लिए प्रसाद बनता है।

**छठ पूजा-** खरना के अगले दिन छठी मैया और सूर्य देव की पूजा होती है। इस दिन व्रत रहकर महिलाएं डूबते सूर्य को अर्घ्य देती हैं।

**छठ पूजा समापन-** इस दिन महिलाएं व्रत रखकर उगते सूर्य को अर्घ्य देकर 36 घंटे का कठिन व्रत पारण के बाद पूर्ण करती हैं।

### छठ पूजा के चार दिन

8 नवंबर-नहाय खाय से छठ पूजा प्रारंभ।
9 नवंबर-खरना।
10 नवंबर-छठ पूजा, डूबते सूर्य को अर्घ्य।
11 नवंबर-उगते सूर्य को अर्घ्य, छठ पूजा समापन।

### नदी घाटों की सफाई और रंगरोगन का कार्य तेज

छठ पर्व को लेकर घरों में साफ सफाई के साथ रंगरोगन का कार्य शुरू कर दिया गया है। यहां हर साल छठ पर्व धूमधाम से मनाया जाता है। शहर में छपरवाह मंगलनगर, गायत्रीनगर, बजरंग नगर सहित शहर के विभिन्न मोहल्लों से महिलाएं आकर पूजा अर्चना करती हैं। इनके अलावा कई गांवों की महिलाएं भी मिलकर छठ घाट पर शिरकत करती हैं। रविवार को पूरा दिन रंगरोगन का कार्य किया गया।

# 15 नवंबर से 13 दिसंबर तक 16 विवाह मुहूर्त

### शहर में रहेगी शादियों की भरमार
### टेंट कारोबार बढ़ा, मैरिज गार्डन भी फुल

**कटनी। देव प्रबोधनी एकादशी पर्व 14 एवं 15 नवंबर को मनाया जाएगा। शास्त्रों के अनुसार भगवान विष्णु के जागरण के बाद विवाह जैसे मांगलिक कार्य प्रारंभ हो जाते हैं। इस वर्ष देव प्रबोधनी एकादशी से 10 जुलाई 2022 देव शयनी एकादशी तक विवाह मुहूर्त रहेंगे। हालांकि बीच में दो बार विवाह मुहूर्त पर रोक भी लगेगी। 15 दिसंबर से 14 जनवरी तक मलमास के कारण और इसके बाद 22 फरवरी से 14 अप्रैल तक गुरु अस्त होने, होलाष्टक और मलमास होने के कारण विवाह मुहूर्त नहीं होंगे।**



इस साल नवंबर और दिसंबर में 16 विवाह मुहूर्त रहेंगे। कोरोना संक्रमण के बाद हालात इस बार सामान्य है, इसलिए दो माह के 16 मुहूर्तों में ज्यादा विवाह होंगे। वेडिंग प्लानर, मैरिज गार्डन, केटरिंग सर्विस और पांडित्य कार्य करने वालों से मिले फीडबैक के अनुसार इन 16 मुहूर्तों में ढाई सौ से ज्यादा विवाह शहर में होंगे। वेडिंग प्लानर का कहना है कि कोरोना संक्रमण के कारण पिछले दो साल में 20 फीसदी तक उनका कारोबार रह गया था। अब उसमें 50 फीसदी से ज्यादा का इजाफा हुआ है। मैरिज गार्डन और केटरिंग सर्विस भी शादी की बुकिंग से खुश हैं। कहते हैं सब कुछ ठीक रहा तो पिछले साल के नुकसान की भरपाई हो जाएगी।

### 15 दिसंबर से 14 जनवरी व 22 फरवरी से 23 मार्च तक विवाह मुहूर्त नही

नवंबर से 13 दिसंबर तक 16 विवाह मुहूर्त हैं। पंडित पुष्पेन्द्र द्विवेदी के अनुसार 14 जनवरी तक मलमास होने से विवाह नहीं होंगे। 6 जनवरी और फरवरी में 8 विवाह मुहूर्त रहेंगे। 22 फरवरी से 14 अप्रैल तक गुरु अस्त होनेए होलिकाष्टक और मलमास होने के कारण 14 अप्रैल तक विवाह मुहूर्त नहीं होंगे। अप्रैल से जुलाई तक विवाह मुहूर्त रहेंगे।

### टेंट कारोबारियों का काम बढ़ा

वैक्सीनेशन के बाद कोरोना का खतरा लोग कम मान रहे हैं। इसलिए शादी समारोह में कोई कोताही नहीं बरत रहे हैं। शादी समारोहों को भव्य बनाने के लिए वेडिंग प्लानर व टेंट कारोबारियों की मदद ली जा रही है। इसके अलावा डेस्टिनेशन वेडिंग भी प्लान की गई हैं। टेंट कारोबारी अजय सरावगी कहते हैं कि पिछले दो सहालग में कोरोना संक्रमण के कारण उनका व्यवसाय 10 से 20 फीसदी तक रह गया था। इस बार 50 से 70 फीसदी तक काम बढ़ा है।

### शहर की सफाई व्यवस्था से कोई समझोता नहीं

**कटनी।** नगर की सफाई व्यवस्था से किसी भी प्रकार का समझोता बर्दाश्त नहीं किया जावेगा। वाहनों द्वारा घर-घर कचरा संग्रहण में कोई लापरवाही की जाती है तो कटौती की कार्यवाही करें एवं यदि किसी व्यक्ति द्वारा सार्वजनिक स्थल में गंदगी फैलाई जाती है तो जुर्माने की कार्यवाही करें। अतिक्रमण शाखा एवं राजस्व अमला आपसी सामंजस्य स्थापित कर मुख्य मार्गो के अतिक्रमण हटाते हुए सुगम यातायात मुहैया करानें की कार्यवाही करें, टेंकों की सफाई पश्चात निकलने वाले अपशिष्ट को अमीरगंज प्लांट ही भेजा जाकर रोजाना की जानकारी रजिस्टर में संधारित की जावे।

सिटी मॉल बरही रोड में
हॉलीवुड की धमाकेदार मूवी





रोजाना 3 शो ता. 05 से दोपहर 11.45, 2.45, एवं 5.30 बजे से
ETERNALS (हिन्दी में)
कलाकार- जेमा चेन, रिचर्ड मेडन, डॉन ली, सलमा हयाक, लॉरेन रिडलॉफ आदि।
एडवांस बुकिंग चालू है

सिटी मॉल बरही रोड में
बॉलीवुड की धमाकेदार मूवी, आ रही है पुलिस.......




रोजाना 5 शो ता. 05 से दोपहर 12.30, 3, 5.45, 8 एवं 8.30 बजे से
सूर्यवंशी
कलाकार- अक्षय कुमार, अजय देवगन, रणवीर सिंह, जैकी श्राफ, जावेद जाफरी आदि।
एडवांस बुकिंग चालू है

नीरज सिनेप्लेक्स में




बॉलीवुड की सुपरहिट फिल्म
रोजाना 4 शो ता. 05 से
दोपहर 12, 3, 6 एवं रात्रि 8.30 बजे से
सूर्यवंशी
कलाकार-अक्षय कुमार, अजय देवगन, रणवीर सिंह आदि।
एडवांस बुकिंग चालू है

यश भारत

# सिटी न्यूज

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT-Epaper

कटनी, सोमवार, 08 नवम्बर 2021

## जागृति पार्क में स्टोन आर्ट फेस्टीवल कल से


### फूड फेस्टीवल का भी लोग उठा सकेंगे लुत्फ, 20 दिवसीय आयोजन में महिलाएं लगाएंगी व्यंजनों के स्टॉल





**कटनी।** एक जिला एक उत्पाद के तहत सेंड स्टोन व मार्बल को बढ़ावा देने कटनी स्टोन आर्ट फेस्टीवल आधारशिला का आयोजन 9 नवम्बर से जागृति पार्क माधवनगर में होने जा रहा है। स्टोन फेस्टीवल के साथ ही विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा तो अवकाश के दिनों में लोग फूड फेस्टीवल का भी लुत्फ उठा सकेंगे। बाल दिवस पर बच्चों के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। आर्ट स्टोन फेस्टिवल के मध्य कटनी फूड फेस्टिवल का आयोजन भी किया जायेगा। देश भर के शिल्पकार 9 नवंबर से 28 नवंबर तक आयोजित कटनी स्टोन आर्ट फेस्टीवल के दौरान कटनी के पत्थर व मार्बल पर अपने हुनर का जादू दिखाएंगे। शिल्पकारों द्वारा बनाई गई कलाकृतियों की प्रदर्शनी आयोजित की जाएगी और उसके साथ ही कलाकृतियों को नीलामी के दौरान लोग खरीद भी सकेंगे। आयोजन के माध्यम से देशभर के स्टोन, मार्बल से जुड़े व्यापारियों को भी इसमें आमंत्रित किया गया है ताकि जिले के स्टोन व मार्बल उधोग को बढ़ावा मिले। वहीं स्थानीय कॉलेजों के छात्रों को भी शिल्पकारों से संवाद कराया जाएगा ताकि भविष्य में बच्चे भी आर्ट के इस क्षेत्र में अपना बेहतर कैरियर बना सकें।

### ये शिल्पकार बनाएंगे कलाकृतियां



कटनी स्टोन आर्ट फेस्टीवल में देश के अलग-अलग शहरों के शिल्पकार शामिल होने जा रहे हैं। जिनमें रमनदीप सिंह, मनदीप खैरा मनसा पंजाब, प्रदीप बी जोगडांड मुंबई, हरपाल सिरसा हरियाणा, विनय अंबर जबलपुर, रमेश चंद्रा, रवि कुमार, नीरज विश्वकर्मा उत्तरप्रदेश, योगेश के प्रजापति नई दिल्ली, हंसराज कुमावत जयपुर, डीवी मुरूगन तमिलनाडू, सुप्रिया अंबर जबलपुर शामिल हैं।

### कलेक्टर ने लिया तैयारियों का जायजा

जागृति पार्क माधव नगर में आयोजित होने वाले कटनी स्टोन आर्ट फेस्टिवल की तैयारी जारी है। रविवार की शाम कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने आयोजक समिति के पदाधिकारियों व अधिकारियों के साथ कार्यक्रम स्थल जागृति पार्क माधवनगर का निरीक्षण किया। विजिट के दौरान कलेक्टर श्री मिश्रा ने देशभर से अपनी शिल्प कला का प्रदर्शन करने आ रहे शिल्पकारों के लिए की गई व्यवस्था सहित सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन स्थल और शिल्पकारों के लिए उपलब्ध कराई गई सुविधाओं का जायजा लिया। कलेक्टर श्री मिश्रा ने निर्देश दिए कि शिल्पकारों को मशीनें आदि चलाने की गई बिजली की व्यवस्था की लाइनों को व्यवस्थित रखें। इस दौरान आयोजक समिति के सदस्य सहित जागृति पार्क संचालन समिति सदस्य, नगर निगम अधिकारी मौजूद थे।






## चार साल से फरारी काट रहा पूर्व सरपंच गिरफ्तार

**कैमोर।** चेक बाउंस हो जाने के मामले में दोषी सिद्ध होने के बाद न्यायालय से फरार हुए आरोपी बड़ारी पंचायत के पूर्व सरपंच वंश गोपाल दुबे को कैमोर पुलिस ने जबलपुर के एक होटल से गिरफ़्तार कर लिया। पुलिस की सायबर सेल से मिली जानकारी के आधार पर पुलिस ने यह कामयाबी हासिल की है। गौरतलब है कि पूर्व सरपंच वंशगोपाल दुबे द्वारा वर्ष 2011 में इंद्रदेव सिंह को 3 लाख 55 हज़ार का चेक जारी किया गया था। इंद्रदेव सिंह ने भुगतान के लिए जब सम्बंधित बैंक में चेक जमा कराया तो खाते में पर्याप्त राशि जमा नहीं होने के कारण चेक अमान्य हो गया। इंद्रदेव सिंह ने चेक जारी करने वाले वंशगोपाल को इसकी सूचना दी जिसका कोई जवाब उसने नहीं दिया। अंततः परक्राम्य अधिनियम 138 के तहत प्रकरण प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट विजयराघवगढ़ के न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। प्रकरण की सुनवाई के बाद न्यायालय ने आरोपी को दोषी करार ठहराते हुए ब्याज सहित उक्त राशि भुगतान के आदेश दिए थे। राशि अदा न करने पर जेल भेजे जाने का भी प्रावधान आदेश में शामिल था। न्यायालय द्वारा फैसला सुनाए जाने के बाद से ही आरोपी वंशगोपाल फ़रार हो गया था। न्यायालय द्वारा 2017 में उसके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था। इस प्रकरण के अलावा एक अन्य मामले में भी पुलिस को उसकी तलाश थी। बताया गया कि गिरफ्तारी से बचने आरोपी शहर बदल बदल कर रह रहा था। उसकी तलाश में पुलिस भोपालएजबलपुरए सतना और रीवा में दबिश दे चुकी थी पर पुलिस के पहुंचने से पहले ही आरोपी अपना ठिकाना छोड़कर कहीं और निकल जाता था। पिछले दिनों पुलिस को पुख्ता जानकारी लगी कि वंशगोपाल इन दिनों जबलपुर के होटल इम्पीरियल में रुका हुआ है। खबर मिलते ही कैमोर टी आई अरविंद जैन ने उपनिरीक्षक आर पी रावत के नेतृत्व में एक टीम गठित कर जबलपुर रवाना की जिसने होटल से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

**चेक बाउंस के मामले में दोषी पाए जाने के बाद हुआ था फरार**


### कभी सरकारी गनमैन साथ लेकर चलता था वंशगोपाल

वंश गोपाल दुबे ने कुछ साल पहले छेत्र के कुछ खनिज उद्योपतियों के विरुद्ध सुबूत सहित शिकायत राज्य शासन से की थी। शिकायत सही पाये जाने के बाद उद्यगपतियों को भारी राशि शासन को अदा करनी पड़ी थी। शिकायत के बाद वंशगोपाल एकाएक सुर्खियों में आ गया था। बाद में उसने उद्यगपतियों से जान का खतरा बता कर हाइकोर्ट के आदेश से सरकारी गनमैन की सुरक्षा भी प्राप्त कर ली थी। यह गनमैन पूरे समय उसके साथ रहता था। उसी दौरान वह बड़ारी का सरपंच भी चुन गया।

## आचार्य कुलरत्न भूषण सागर महाराज का बिलहरी के लिए गमन



**कटनी।** कटनी में चातुर्मास कर रहे आचार्य श्री 108 कुलरत्न भूषण सागर जी महाराज का अतिशय क्षेत्र बिलहरी के लिए गमन हुआ। प्राचीन प्रतिमाओं के दर्शन कर अतिहार्षित भाव से बिलहरी एवं कटनी समाज को आशीर्वाद दिया एवं आहार चर्या सेठ सुराजी लाल परिवार में सुबोध जैन, अशोक जैन, डॉ ऋषभ जैन, बालचन्द जैन, ज्योति जैन, राजकुमार जैन, लता जैन, मनोज जैन, मनीषा जैन, लक्ष्मी चन्द्र जैन, कैलाश चन्द्र जैन, प्रेमचंद जैन, विजय जैन, अजित जैन, चन्द्रशेखर जैन, विक्रम जैन, राजेश जैन, राहुल जैन, दिलीप जैन, वर्धमान जैन आदि के परिवारजन में सम्पन्न हुई। राकेश जैन कक्का ने बताया कि कटनी से जैन समाज के प्रमुख प्रमोद जैन कक्का, आराधना जैन, शैलेन्द्र जैन, शरत जैन, मनीष जैन, शोभित जैन, रोशनी जैन, मयूर जैन, विमल जैन, अमित जैन, विजय जैन, मयंक जैन, आदित्य जैन, आर्यन जैन, रानू जैन, मीना शास्त्री, रश्मि जैन, स्मृति दीदी, हरिप्रशाद जैन आदि सैकड़ों जैन समाज के लोगो ने आहार देकर धर्म लाभ लिया।



cello सेलो फर्नीचर
एकमात्र अधिकृत वितरक



Auth. Distributor-Cello, Natasha Almirah Almirah, Molded Furniture
विश्वकर्मा फर्नीचर
विश्वकर्मा मार्केट, मधई मंदिर रोड कटनी, फोन- 230557, मो. 9826082251
Email-gopivishwakarma@gmail.com

## पीरबाबा से मिशन चौक में अवैध होर्डिग्स पर कार्यवाही



**कटनी।** नगर के मुख्य मार्गों की सुंदरता को दृष्टिगत रखते हुए अवैध होर्डिग्स को हटाने हेतु निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशों के परिपालन में निगम के अतिक्रमण अमले द्वारा आज दोपहर पीरबाबा मुख्य मार्ग से मिशन चौक तक मुख्य मार्ग के अवैध होर्डिग्स पर संपत्ति विरूपण अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई। अतिक्रमण प्रभारी ने जानकारी देते हुए बताया अतिक्रमण दस्ते द्वारा पीरबाबा मुख्य मार्ग से अभियान प्रारंभ किया जाकर मुख्य मार्ग के किनारें, डिवाईडरों के बीच की रैलिंग, विद्युत पोल, मिशन चौक ओव्हर ब्रिज के पायों एवं दीवार में लगे, पोस्टर बैनर एवं अवैध होर्डिग्स पर संपत्ति विरूपण अधिनियम के तहत हटाने एवं जप्ती की कार्यवाही की गई।

किराये से देना है
सिंगल रूम अटैच- 3000 प्रतिव्यक्ति
सर्विस वालों एवं ऑफिस के लिए- 5000 दो व्यक्ति
पता- बीजेपी कार्यालय के सामने
जबलपुर रोड बरगवां कटनी (म.प्र.)
मो. 8109417340

### आम सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि महात्मा गांधी वार्ड घंटाघर सुक्खन अखाड़ा रोड कटनी स्थित भवन क्र. 270 जिसका नया क्र. 316 हो गया है। वह मेरे पक्षकार देशराज वल्द कल्लू लाल गुप्ता की सगी चाची फूलमती बेवा स्व. जगदीश गुप्ता की पंजीयत बैनामा 24.04.1972 के माध्यम से उसकी निजी रामकली बाई एवं ठाकुरदास बहरे से खरीदी हुई संपत्ति रही है, जिसकी मृत्यु के बाद उसके कोई संतान नहीं होने से वह उसके जेठ कल्लूलाल गुप्ता एवं उसके देवर स्व. शिवमंगल की विधवा सुशीला एवं उसके पुत्र मनीष एवं सतीश गुप्ता को कानूनी रूप से हक अधिकार की संपत्ति है। किन्तु इस संपत्ति मकान में मेरे पिता कल्लूलाल गुप्ता ने अकेले अपने आपको फूलमती की एक मात्र वारसान होने का झूठा शपथपत्र नगर पालिक निगम कटनी में देकर अपना नाम दर्ज करवा लिया था। अब मेरे पिता कल्लूलाल का स्वर्गवास हो जाने पर कल्लूलाल गुप्ता के नाम की जाली अवैध अधिकार विहीन वसीयत के आधार पर मेरे छोटे भाई हेमराज उर्फ नीलू एवं भाई मनोज एवं उसके पुत्र व्यंकट बिनायक अपना नाम नगर पालिक निगम कटनी के अभिलेखों में दर्ज करवा रहे हैं जबकि फूलमति के इस भवन के वारसानों में से एक कल्लू लाल गुप्ता के भी वारसानों में से एक वारसान हमारा पक्षकार देशराज गुप्ता भी है। जिनका उक्त मकान में कब्जा है। जिसके अलावा उसके सगे छोटे भाई शिवमंगल की विधवा एवं उसके पुत्रों का नाम दर्ज होना है। चूकि मेरे भाई हेमराज उर्फ नीलू एवं शरद गुप्ता तथा मनोज गुप्ता मेरा एवं सुशीला बाई तथा उसके पुत्र मनीष एवं सतीश का नाम दर्ज करवाने की बजाय अपना अकेले नाम दर्ज करवाने के लिए नगर पालिक निगम में आवेदन पत्र पेश किया हुआ है इसलिये हमारे पक्षकार द्वारा व्यवहार वाद क्र. 204ए/2021 पेश कर अपना नाम तथा हेमराज, शरद और सुशीला बाई, मनीष एवं सतीश का नाम संयुक्त रूप से दर्ज किये जाने की घोषणा एवं स्थायी निषेधाज्ञा जारी किये जाने बावद का पेश किया है जो तृतीय व्यवहार न्यायालय वर्ग-2 कटनी की न्यायालय में लंबित है। अतः कोई भी व्यक्ति उक्त मकान का क्रय-विक्रय नहीं करें और न ही उसमें प्रवेश करें जिसमें हमारे पक्षकार का कब्जा है। तदानुसार सूचित किया जाता है।

कटनी, दिनांक 01.11.2021

**डी.आर. रजक एडव्होकेट**
**कौशिल्या बोधाश्रम आजाद चौक कटनी म.प्र.**
**वास्ते- देशराज गुप्ता वल्द स्व. कल्लूलाल गुप्ता उम्र लगभग 66 वर्ष महात्मा गांधी वार्ड क्रं. 9 कटनी**

यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन:- 230033

आधार लाओ, उधार ले जाओ
BAJAJ FINSERV बजाज फाईनेंस सुविधा उपलब्ध
0% ब्याज पर आसान किश्तों में मोबाइल उपलब्ध
Special Offer
धनतेरस एवं दीपावली के अवसर पर महा धमाका
लूट सको तो लूट लो... अब नगद की क्या जरुरत...
मात्र 3 दस्तावेज लायें
* आधार कार्ड * पेन कार्ड * बैंक पासबुक
SAMSUNG realme mi vivo oppo NOKIA
बजाज कस्टमर को 1रु. में मोबाइल उपलब्ध
पलक मोबाइल शॉप
चांडक चौक ढलान, आदर्श कॉलोनी तिराहा, कटनी, मो. 9301051222

mgm HOSPITAL We Care with Care
एम.जी.एम. में अब जनरल सर्जन एवं पेट रोग विशेषज्ञ अब 24 घण्टे उपलब्ध।



Our Specialist
डॉ.एस.के.सिंह
M.B.B.S., M.S.
सीनियर जनरल एण्ड लेप्रोस्कोपी सर्जन
पूर्व चिकित्सक-
पोद्दार हॉस्पिटल , कोलकाता।
25 वर्ष का दूरबीन सर्जरी एवं अन्य सर्जरी का अनुभव।
आयुष्मान भारत योजना अंतर्गत इलाज एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध।
For Appointment call or Visit
OPD Timing - Everyday 10:30AM to 02:30PM & 05:30PM-09:00PM
एम.जी.एम. HOSPITAL
कचहरी चौक, फारेस्ट प्ले ग्राउंड के सामने, कटनी (मप्र) 483501
फोन नं: 07622-405070-71-72
Email: info@mgmhospitalkatni.com
Website: www.mgmhospitalkatni.com
NABH

# रीठी अस्पताल में संजीवनी 108 को नहीं मिल रही संजीवनी








## डायल-100 वाहनों की मदद से घायल पहुंच रहे अस्पताल

**कटनी/रीठी।** जिले में आपातकालीन सेवा देने वाली 108 एंबुलेंस इस समय खुद बीमारी का दंश झेल रही हैं। वहीं दुर्घटनाग्रस्त हुए मरीजों को लाने का काम पुलिस प्रशासन जागरूकता के साथ डायल 100 वाहन कर रहे हैं और संजीवनी 108 की कमी को पूरा कर रहे हैं। घटना जिले के रीठी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की जहां दुर्घटनाग्रस्त मरीजों को जिला अस्पताल रिफर करने के लिए दूसरे जिले पन्ना के शाहनगर से एंबुलेंस को बुलाया गया जबकि ऐसा नहीं है कि रीठी अस्पताल में एंबुलेंस की व्यवस्था ना हो। बताया जाता है कि कुछ समय से संजीवनी 108 किसी कारणवश बिगड़ी हालात में अस्पताल की शोभा बढ़ा रही है। रीठी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मगरधा में रविवार 7 नवम्बर को दोपहर 12 बजे दो मोटरसाइकिल की आमने-सामने टक्कर हो जाने के कारण वाहन चालक सहित तीन लोगों को चोटे एवं एक गंभीर रूप से घायल हो गया। एक वाहन ग्राम बड़गांव से दो व्यक्ति के साथ तथा दूसरा वाहन चालक बहोरीबंद के मवई देवरी के थे। जिन्हें राहगीरों की मदद से डायल-100 को सूचित किया और मौके पर पहुंचे डायल-100 चालक राजकुमार सेन और प्रधान आरक्षक भोला गुप्ता घायलों को रीठी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया लेकिन दुर्भाग्यवश अस्पताल पहुंचने पर भी घायलों को इलाज मिलने में काफी देरी हुई किसी तरह प्रारंभिक उपचार के बाद घायलों को जिला अस्पताल के लिए रिफर किया गया परंतु मरीज के परिजन एंबुलेंस को घंटों इंतजार करने के बाद दूसरे शहर से एंबुलेंस पहुंची। अब सवाल यह उठता है किए यदि रीठी एंबुलेंस खराब पड़ी हुई है तो उससे उच्च अधिकारियों को सूचित कर अभी तक क्यों नहीं बनवाया गया। यदि अस्पताल प्रबंधक चाहते तो आपातकालीन सेवाओं के लिए बिना सूचना के भी रोगी कल्याण समिति के फंड से इसे बनवाया जा सकता था लेकिन जिम्मेदारों द्वारा बिगड़ी हालत में एंबुलेंस एको सुधरवाने कोई प्रयास नही किये गए जिसका खामियाजा क्षेत्र की जनता को भोगने मजबूर होना पड़ता है।

## रंगनाथ मंदिर परिसर में चला सफाई अभियान



**कटनी।** निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निदेशन में नगर की सफाई व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए रोजाना की जा रही दैनिक सफाई व्यवस्था के तहत आज प्रातः नगर के विभिन्न स्थलों में सफाई का कार्य कराया गया। रंगनाथ मंदिर में आयोजित होने वाले रंगनाथ महोत्सव पर्व को दृष्टिगत रखते हुए रंगनाथ मंदिर परिसर के अंदर एवं बाहर विशेष सफाई कराई जाकर चूनें की लाईनिंग का कार्य कराया गया। उपस्थित स्वच्छता दूतों द्वारा मंदिर परिसर के पीछे की नालियों की सफाई उपरानत उपशिष्ट के उठाव का कार्य किया गया। प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी नें जानकारी देते हुए बताया कि नगर की दैनिक सफाई व्यवस्था के तहत आज प्रातः पन्ना मोड, बस स्टेण्ड, आजाद चौक से शेर चौक, महात्मा गांधी वार्ड हरिजन बस्ती, सावरकर वार्ड मेन रोड, बाहुबली कॉलोनी सहित वार्ड के विभिन्न स्थलों की सफाई उपरान्त चूनें की लाईनिंग, मिशन चौक, रधुनाथ गंज वार्ड स्थित जैन मंदिर रोड एवं झंडा बाजार, साधूराम स्कूल, विश्कर्मा पार्क हनुमान मंदिर के पास, एम.जी.एम के सामनें, एन.के.जे सब्जी मंडी, भट्टा मोहल्ला, विवेकानंद चौक के पीछे, मदन मोहन चौबे वार्ड के विभिन्न स्थलों, श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड के विभिन्न रहवासी क्षेत्रों, न्यायालय परिसर एवं सुलभ शौचालय की सफाई उपरान्त चूनें की लाईनिंग के कार्य सहित कावस जी वार्ड भट्टा मोहल्ला मलिन वंशकार बस्ती, गणेश चौक सिविल लाईन की नालियों की सफाई का कार्य कराया गया। नगर के मुख्य मार्गो की सफाई व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए नदीपार, बरगवां, कार्यालय कलेक्ट्रेट के सामनें के डिवाईडरों के दौनों ओर के धूल एवं कचरे की सफाई का कार्य किया जाकर मुख्य मार्गो के कचरें के प्वाइंटों एवं डस्टबिन की सफाई सहित डोर टू डोर कचरे के संग्रहण का कार्य किया जाकर नगर को साफ एवं स्वच्छ रखने के प्रयास किये गए।

## सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का करें निराकरण

### समीक्षा बैठक में कलेक्टर के निर्देश



**कटनी।** निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे द्वारा नगर निगम कार्यालय में सी. एम. हैल्पलाईन के लंबित प्रकरणों सहित वैक्सीनेशन अभियान सहित निगम की अन्य शाखाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। समीक्षा बैठक के दौरान निगम की साफसफाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, यांत्रिकी प्रकोष्ठ, भवन अनुज्ञा, अतिक्रमण शाखा सहित अन्य शाखाओं से संबंधित सी.एम.हैल्पलाईन की समीक्षा की जाकर उपस्थित एल-1, एल-2, एल-3 एवं एल-4 अधिकारियों कर्मचारियों को स्तरवार लंबित शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए लंबित शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण कराने के निर्देश प्रदान किये गए। कोरोना महामारी से बचाव हेतु द्वितीय डोज हेतु आयोजित अभियान के संबंध में चर्चा की जाकर स्वास्थ्य विभाग एवं आंगनबाडी कार्यकताओं से समन्वय स्थापित कर वार्डवार आंगनबाडी केन्द्रों में वेक्सीनेशन केन्द्र बनाये जानें एवं केन्द्रों की आवश्यक व्यवस्थाओं हेतु निगम के स्वच्छता निरीक्षकों, वार्ड दरोगाओं, टाईमकीपर की डयूटी लगानें हेतु निर्देशित किया गया।

बैठक के दौरान निगम की राजस्व आय की समीक्षा की जाकर वित्तीय वर्ष की समाप्ति को दृष्टिगत रखते हुए वसूली कार्य में तेजी लाने, योजनाओं से संबंधित भूखण्डों एवं दुकानों की आरक्षण के प्रावधानों को दृष्टिगत रखते हुए नियमानुसार नीलामी की प्रक्रिया पूर्ण कराने, निगम के करों की वसूली हेतु बड़े बकायादारों पर नियमानुसार कार्यवाही करनें व नगर की सुंदरता को दृष्टिगत रखते हुए सार्वजनिक मार्गो पर लगे अवैध होर्डिग्स पर संपत्ति विरूपण अधिनियम के तहत कठोरतापूर्वक कार्यवाही करने व न मानने पर जुर्माने की कार्यवाही करने के सख्त निर्देश प्रदान किये गए।

## विजयराघवगढ़ मुख्य मार्ग से निकल रहे भारी वाहन

### लोगों को हो रही परेशानी, विद्युत कनेक्शन हो रहे क्षतिग्रस्त



**विजयराघवगढ़।** एसीसी कंपनी का नया उद्योग ग्राम अमेहटा में स्थापित हो रहा है, जिसमें विगत कई महीनों से लोगों की विभिन्न शिकायत आम हो चुकी है, जिसमें जनहित को दरकिनार कर स्थानीय प्रशासन खुलेआम उद्योग प्रबंधन का सहयोग कर रहा है। मथुरा से आए भारी वाहनों में अमंहटा उद्योग की सामग्री, जिसे विजयराघवगढ़ होकर ले जाया जा रहा है, वहीं स्थानीय प्रशासन के अधिकारियों द्वारा आमजनों की परेशानी का ध्यान न देते हुए वाहनों की निकासी कराई जाती है, जिसमें मुख्य मार्ग के ऊपर लगे विद्युत कनेक्शन क्षतिग्रस्त हो जाते हैं, जिसके कारण लगभग 2 से 3 घंटे सप्लाई बंद कर दी जाती है, जबकि सुबह 6 बजे से समूचे नगर में पेयजल की सप्लाई होती है, किंतु जब भी उक्त भारी वाहनों की निकासी नगर के मेन रोड से कराई जाती है। एक और नगर के लोगों की विद्युत व्यवस्था बंद कर दी जाती है तो वहीं विद्युत बंद होने के कारण लोगों को पेयजल प्राप्त नहीं हो पाता। कलेक्टर से लोगों ने अपेक्षा की है कि स्थानीय प्रशासन द्वारा उद्योग प्रबंधन का सहयोग किया जाना अच्छी बात है, किंतु आम नागरिको की व्यवस्था का पूर्ण ध्यान रखा जाए।

## स्टोन आर्ट फेस्टिवल में नगर निगम करेगा आवश्यक व्यवस्थाएं

**कटनी।** जिले के स्टोन व मार्बल को प्रोत्साहित करने हेतु जिला प्रशासन द्वारा कल 9 नवंबर से 28 नवबर तक जागृति पार्क में स्टोन आर्ट फेस्टिवल का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें देशभर के शिल्पकारों को स्टोन व मर्बल में शिल्पकला का प्रदर्शन करने हेतु आमंत्रित किया गया है। निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे द्वारा आज बैठक के दौरान आयोजित होने वाले आधारशिला कटनी स्टोन आर्ट फेस्टिवल में आयोजन स्थल जागृति पार्क एवं अन्य चिन्हित स्थलों में साफ-सफाई चूने की लाईनिंग, कीटनाशक दवा का छिड़काव, प्रकाश व्यवस्था सहित आवश्यकतानुसर निगम की अन्य व्यवस्थाएं प्राथमिकता के साथ मुहैया करानें के निर्देश प्रदान किये गए। बैठक के दौरान प्र.कार्य.यंत्री राकेश शर्मा, प्र. सहायक यंत्री सुनील सिंह, अनिल जायसवाल, उपयंत्री अंश्विनी पाण्डेय, आदेश जैन, विक्रांत पंडित, जे.पी.सिंह बघेल, संजय मिश्रा, प्रभारी अधिकारी राजस्व बाजार शाखा अनिल त्रिपाठी, प्र. कार्यालय अधीक्षक नागेन्द्र पटैल, प्र.स्वा.अधिकारी संजय सोनी, स्वच्छता निरीक्षक महेन्द्र सिंह परिहार, तेजभान सिंह, विनोद सिंह चौहान, आलोक तिवारी सहित अन्य अधिकारियों कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

## सप्त दिवसीय बाल्मीकि रामायण एवं अष्टोत्तरशत रुद्राभिषेक 24 से





**विजयराघवगढ़।** पीठाधीश्वर ब्रम्हर्षि डॉ रामविलास वेदान्ती जी महाराज अयोध्या धाम के श्री मुखारबिंद से संकट मोचन जगन्नाथ धाम में विश्व कल्याणार्थ श्रीमद वाल्मीकी रामायण समन्वित संकट मोचन श्री हनुमान कथा सकल कामना सिद्धार्थ अष्टोत्तरशत रुद्राभिषेक नित्य कार्यक्रम 24 नवम्बर से 2 दिसम्बर तक आयोजित किया गया है, जिसमें मानस पीठाधीश्वर जगतगुरु रामानंदाचार्य पूज्य स्वामी श्रीरामललाचार्य सहित विश्व के विशिष्ट संत जगतगुरु, संत महात्मा का समावेश होकर दर्शनलाभ होना निश्चय हुआ है। उक्त कार्यक्रम के आयोजक संयोजक डॉ राघवेश दास बेदान्ती अयोध्या धाम रहेंगे। इस अवसर पर क्षेत्रीय जनों के सहयोग व उपस्थिति में 24 नवम्बर को स्थानीय पचमठा धाम से संकट मोचन जगन्नाथ धाम तक ऐतिहासिक शोभायात्रा निकाली जाएगी।

## शिविर में बंदियों को बताए उनके अधिकार,कर्तव्य के प्रति किया जागरूक






**कटनी।** रविवार को सचिव दिनेश कुमार नोटिया की अध्यक्षता में आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत जेल में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा विधिक साक्षरता एवं जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जेल में बंदियों के अधिकारों, कर्तव्य और उनको कानूनी सेवाएं एवं सुविधाएं प्रदान करने तथा बंदियों को कानून के प्रति जागरूकता एवं उनके हितार्थ संचालित योजनाओं से अवगत कराया गया। शिविर में सचिव दिनेश कुमार नोटिया ने बताया कि कैदियों के लिए आजादी का अमृत महोत्सव की विशेष पहल के अंतर्गत विशेष कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया है।

उन्होंने बंदी अधिनियम के अंतर्गत कैदियों के अधिकारों व उनके कर्तव्यों के बारे में जागरूक किया। उन्होंने जानकारी दी कि बंदियों को निशुल्क कानूनी सहायता पाने, वकील से परामर्श, चिकित्सा सुविधा, पत्र-व्यवहार, परिजनों से मिलने, विधियों के समक्ष समानता, जमानत का, मताधिकार का, मनोरंजन की सुविधा, रहन-सहन व भोजन की सुविधा, जेल में किए गए कार्य की न्यूनतम मजदूरी पाने का, अपील और रिवीजन के लिए मुफ्त कानूनी सहायता, पढ़ने-लिखने के लिए व व्यायाम, योग व धार्मिक कार्यकलापों के लिए सुविधा आदि कानूनी अधिकार प्राप्त हैं। न्यायाधीश मुदित लटौरिया ने बंदियों को प्ली-बार्गिनिंग, पाक्सों एक्ट, बाल संरक्षण, किशोर न्याय अधिनियम के संबंध में जानकारी दी। जेल अधीक्षक लीना कोष्टा ने पैरोल अधिनियम से संबंधित विषय पर जानकारी दी। इसके साथ ही कैदियों के कर्तव्यों के बारे में भी बताया कि जेल में साफ सफाई व अनुशासन बनाए रखना, जेल में मोबाइल, नशीले पदार्थों व हथियारों को लाना प्रतिबंधित है। शिविर में कैदियों को दीवानी, फौजदारी, राजस्व व जमानत तथा कैदियों के आश्रितों के लिए पेंशन योजना व अन्य योजनाओं के बारे में भी जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर जेल अधीक्षक लीना कोष्ठा, उप जेलर समता तिवारी, हृदयराज मेहरा आदि उपस्थित रहे।

न्यूनतम मूल्य में पाएं अधिकतम लाभ

यश भारत

कलर क्लासीफाइड

| | | |
|---|---|---|
| 1 दिन | - | 150/- |
| 3 दिन | - | 250/- |
| 7 दिन | - | 500/- |
| 15 दिन | - | 1200/- |
| 30 दिन | - | 1800/- |

साईज- 5x1

आवश्यकता, खरीदना-बेचना
अपने व्यापार को बढ़ावा दें

बुकिंग हेतु संपर्क करें

यश भारत
कचहरी चौक, कटनी

फोनः- 07622-230033
Email :- katni@yashbharat.com

# भोपाल में होगा जिला पंचायत अध्यक्ष का आरक्षण

# किस वर्ग की खुलेगी लाटरी, फैसला 12 को

## अध्यक्ष पद के दावेदारों की बढ़ी धड़कनें, पहले ही हो चुका जिला पंचायत सदस्य पद का आरक्षण

**कटनी। जिला पंचायत अध्यक्ष पद के आरक्षण की तारीख घोषित कर दी गई है। 22 साल बाद एक बार फिर यह पद अनारक्षित वर्ग की झोली जाने की उम्मीद लगाई जा रही है। जानकारी के मुताबिक कटनी सहित प्रदेश के सभी जिला पंचायत अध्यक्षों का आरक्षण 12 नवंबर को राजधानी भोपाल में किया जाएगा। अध्यक्ष पद के आरक्षण की तारीख घोषित होते ही इस पद के दावेदारों की धड़कनें बढ गई हैं। विदित हो कि जिला पंचायत सदस्यों का आरक्षण पहले ही 30 जनवरी 2020 को हो चुका है और मार्च के महीने में पंचायतों का कार्यकाल भी समाप्त हो चुका था लेकिन इसके बाद कोरोना संक्रमण की दस्तक के चलते पिछले करीब पौने दो साल से पंचायत चुनाव की प्रक्रिया अटकी हुई थी। अब कोरोना संक्रमण का असर कम होने के बाद पंचायत चुनाव कराए जाने का निर्णय लिया गया है।**

प्रदेश में पंचायत चुनाव कराए जाने के लिए पिछले एक पखवाड़े से तैयारयां की जा रही थीं। शासन स्तर पर मतदाता सूचियों को दुरूस्त करने के साथ ही जिलों में प्रशासनिक अधिकारियों को अलर्ट रहने के लिए कहा जा रहा था। इसी बीच आज जिला पंचायत अध्यक्षों के आरक्षण की तारीख भी घोषित कर दी गई हैं। कटनी जिले में जिला पंचायत सदस्य के 14 क्षेत्र हैं, जिनका आरक्षण पहले ही हो चुका था। पिछले करीब पौने दो साल से अध्यक्ष पद के आरक्षण का इंतजार किया जा रहा था। सूत्रों के मुताबिक अध्यक्ष पद का आरक्षण होने के बाद 15 नवंबर से आचार संहिता भी लागू की जा सकती है। यह भी संभावना है कि पंचायत चुनाव नवंबर-दिसंबर में कराए जा सकते हैं। उधर दूसरी तरफ अध्यक्ष पद के आरक्षण की तिथि घोषित होते ही अब दावेदारों की निगाहें आरक्षण प्रक्रिया पर टिकी हुई हैं। कयासों का दौर भी शुरू हो गया है।




### तीन चरणों में होंगे त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव

गौरतलब है कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव तीन चरणों में होना है, जिसका पहला चरण नवम्बर में ही होने के आसार हैं। दूसरा और तीसरा चरण दिसम्बर में हो सकता है। 31 दिसम्बर से पहले पंच, सरपंच, जनपद सदस्य और जिला पंचायत सदस्य के नतीजों की घोषणा कर दी जाएगी, जबकि जनपद अध्यक्ष और जिला पंचायत अध्यक्ष पद के चुनाव जनवरी से लेकर फरवरी-मार्च तक कराये जा सकते हैं। यह भी खबर है कि जनपद और जिला पंचायत के चुनाव वोटिंग मशीन से तथा पंचायत चुनाव मतपत्रों से कराये जाएंगे।

### जिला पंचायत के 14 क्षेत्रों में आरक्षण

| क्षेत्र क्रमांक | आरक्षण |
|---|---|
| 01. | अनारक्षित महिला |
| 02. | अजा महिला |
| 03. | अन्य पिछड़ा वर्ग मुक्त |
| 04. | अन्य पिछड़ा वर्ग मुक्त |
| 05. | अनुसूचित जाति मुक्त |
| 06. | अनुसूचित जाति महिला |
| 07. | अन्य पिछड़ा महिला |
| 08. | अनारक्षित |
| 09. | अनुसूचित जनजाति मुक्त |
| 10. | अनारक्षित महिला |
| 11. | अनुसूचित जाति मुक्त |
| 12. | अनुसूचित जाति महिला |
| 13. | अन्य पिछड़ा वर्ग महिला |
| 14. | अनारक्षित |

### संजय पाठक बने थे पहले जिला पंचायत अध्यक्ष

गौरतलब है कि मई 1999 में कटनी के जिला बनने के बाद 2000-01 में पहली बार जिला पंचायत अध्यक्ष का चुनाव हुआ था। पहले चुनाव में जिला पंचायत अध्यक्ष पद आरक्षण से मुक्त रहा और तब खितौली क्षेत्र से सदस्य चुनकर आये संजय पाठक जिला पंचायत के पहले अध्यक्ष निर्वाचित हुए थे। इसके बाद दूसरे कार्यकाल में 2005 में जिला पंचायत अध्यक्ष का पद अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित रहा, तब बड़वारा क्षेत्र से सदस्य चुनकर आये जीवन लाल गोंटिया जिला पंचायत अध्यक्ष बने। 2010 के चुनाव में जिला पंचायत अध्यक्ष अनुसूचित जाति के खाते में चला गया और बहोरीबंद क्षेत्र से सदस्य निर्वाचित क्रांति चौधरी जिला पंचायत की अध्यक्ष चुनी गई। 2015 के चुनाव में एक बार फिर कटनी जिला पंचायत अध्यक्ष का पद आरक्षित वर्ग के हिस्से में रहा। अध्यक्ष पद अन्य पिछड़ा वर्ग महिला के लिए आरक्षित हो जाने से विजयराघवगढ़ क्षेत्र से सदस्य चुनकर आईं ममता पटेल अध्यक्ष निर्वाचित हुईं। तब से वे ही जिला पंचायत अध्यक्ष हैं। हालांकि जिला पंचायत का कार्यकाल मार्च 2020 में समाप्त हो चुका है।

### इस बार आरक्षण से मुक्त रह सकता है कटनी का जिला पंचायत अध्यक्ष पद

लगातार तीन पंचवर्षीय कार्यकाल में अध्यक्ष का पद आरक्षित वर्ग के खाते में जाने के बाद इस बार ऐसा माना जा रहा कि जिला पंचायत अध्यक्ष पद आरक्षण से मुक्त रह सकता है। अगर ऐसा हुआ तो जिला पंचायत अध्यक्ष पद चुनाव के लिए रोचक एवं प्रतिष्ठापूर्ण मुकाबला देखने को मिल सकता है। फिलहाल तो जिला पंचायत अध्यक्ष पद के लिए 12 नवंबर को होने वाली आरक्षण प्रक्रिया का सभी को इंतजार है।

## 5 ग्राम पंचायतों का होगा आरक्षण

**कटनी।** भोपाल में जिला पंचायत अध्यक्ष के आरक्षण के साथ ही जिले में कुछ ग्राम पंचायतों का आरक्षण भी किया जा रहा है जिसमें कटनी जनपद पंचायत क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली 5 ग्राम पंचायतें चाका, कैलवारा खुर्द, जुहला, हिरवारा एवं इमलिया शामिल हैं।

पोस्ट कोविड समस्याओं के सही इलाज के लिए मिलें Pulmonologist
डॉ. स्मिता बजाज
MBBS, DTCD, CCEDM
टी.बी., दमा, श्वास, खांसी, एलर्जी एवं डायबटीज स्पेशलिस्ट
मौसम बदलने पर बार-बार खांसी आना, साल भर सर्दी बने रहना, एलर्जी की शिकायत होना एवं नींद में सीटी की आवाज आना
नोट- स्पायरोमीटरी (फेफड़ों की कम्प्यूटरीकृत जांच) एवं (एलर्जी टेस्टिंग) की सुविधा उपलब्ध है।
संपर्क करें- डॉ. राजीव बजाज (शिशु रोग विशेषज्ञ)
कन्हैया हास्पिटल, माई नदी के पास बरही रोड, कटनी
फोन-07622-236253, मो. 6266203009

दुनिया का नं.1 ब्रांड SAMSUNG
UPSIZE NOW
UP To 22.5% Additional Cash Back
0% Finance Scheme
Exchange Offer
Upsize your lifestyle with amazing offers.
Free Sound Bar 9990/- For Selected TVs
आयुष प्लाजा
सेमसंग एक्सक्ल्यूसिव शोरूम
विशाल मेगा मार्ट के पास बरगवां कटनी, मो. 9893366435, 8319908847

# जिले के सबसे लंबे जुआफड़ में बड़वारा पुलिस की रेड

## 17 जुआरियों से 1 लाख 57 हजार रूपए नगद, 23 मोबाइल फोन, चार लग्जरी कारों सहित 72 लाख का सामान जप्त

### ग्राम निगहरा स्थित महादेव फार्म हाऊस में दिनदहाड़े बिछी थी बिसात



**कटनी।** दीपावली पर्व के दौरान पुलिस को भले ही किसी भी बड़े जुआफड़ में कार्रवाई करने का मौका न मिला हो लेकिन पर्व बीतने के बाद जिले की बड़वारा थाना पुलिस ने कल रविवार को ग्राम निगहरा स्थित एक फार्म हाऊस में बिसात बिछाकर बैठे डेढ़ दर्जन के लगभग जुआरियों को गिरफ्तार किया है। दीपावली पर्व के दौरान जिले के सबसे बड़े जुआफड़ में कार्रवाई करते हुए बड़वारा पुलिस ने 1 लाख 57 हजार रूपए नगद, 23 मोबाइल फोन व चार लग्जरी कारों सहित लगभग 72 लाख रूपए कीमती सामान की जप्ती बनाई है। बड़वारा थाना प्रभारी अंकित मिश्रा के अनुसार रविवार शाम लगभग पांच बजे ग्राम निगहरा स्थित महादेव फार्म हाऊस में बड़े जुआफड़ संचालित होने की सूचना मुखबिरों ने दी। जिसके बाद सिविल ड्रेस में पुलिस टीम फार्म हाऊस पहुंची तो देखा कि फार्म हाऊस के मुख्य प्रवेश द्वार पर ताला लगा है। जिसके बाद फार्म हाऊस की दीवार फांद कर पुलिस अंदर पहुंची। फार्म हाऊस के एक कमरे में लगभग डेढ़ दर्जन लोग बिसात बिछाकर बैठे थे। पुलिस को देखते ही सबके चेहरे का रंग उड़ गया। कुछ ने भागने का भी प्रयास किया लेकिन पुलिस ने सभी को पकड़ लिया। पुलिस ने जुआफड़ में कार्रवाई करते हुए 1 लाख 57 हजार रूपए नगद, 23 मोबाइल फोन व चार लग्जरी कारों सहित लगभग 72 लाख रूपए कीमती सामान की जप्ती बनाई और सभी जुआरियों को उन्ही के लग्जरी वाहनों में भरकर थाने लाई। मामले में आवश्यक लिखा पढ़ी करने के बाद सभी को मुचलके पर रिहा किया गया।

### इन पर हुई कार्रवाई

पकड़े गए आरोपियों में कोतवाली कटनी क्षेत्र निवासी दीपक ज्ञानचंदानी, विशाल सावनानी, दिनेश दुबे, मनोज चौबे, शनि वाधवानी, रोविन चौदहा, राहुल आहूजा, कमल पंजवानी, विजय जायसवाल, आशीष गुप्ता, आकाश रोहरा, विपिन गुप्ता, जयराम छावड़ा, माधवनगर क्षेत्र निवासी अमित ज्ञानचंदानी, बाकल क्षेत्र निवासी जीतू राय, रंगनाथ थाना क्षेत्र निवासी अमन पंजवानी शामिल हैं। सभी को गिरफ्तारी के बाद मुचलके पर थाने से रिहा कर दिया गया।

### कार्रवाई में इनकी रही भूमिका

कार्रवाई में एसपी सुनील कुमार जैन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनोज केडिया के दिशा निर्देश तथा उपपुलिस अधीक्षक शालिनी परस्ते के मार्गदर्शन में बड़वारा थाना प्रभारी अंकित मिश्रा, उपनिरीक्षक महेंद्र बेन, लालजी यादव, विजय चढ़ार, अभय यादव, संतोष यादव, राजकुमार अहिरवार, पप्पू प्रजापति की भूमिका रही है।

रत्ना मैरिज गार्डन
मुड़वारा स्टेशन के पास
शहर के मध्य सुविधाओं से युक्त विशाल परिसर
बजट आपका व्यवस्था हमारी
एक बार अवश्य पधारें
शादी विवाह व अन्य आयोजन के लिए 100 व्यक्तियों के ठहरने की उत्तम व्यवस्था, जनवासा अलग से
पानी, बिजली और पार्किंग की बेहतर व्यवस्था
शहर के मध्य क्षेत्र में मीटिंग, कान्फ्रेंस, बर्थ-डे पार्टी एवं अन्य बड़े आयोजनों के लिए बेहतर स्थान
पाठक वार्ड, कटनी
संपर्क :- 9425466630, 7999523588
कोरोना गाइड लाइन के तहत ही सभी कार्यक्रम का आयोजन होगा

SAMARTH MARBLE AND GRANITE
समर्थ
मार्बल एण्ड ग्रेनाईट
सभी प्रकार के ग्रेनाईट टाईल्स, इटेलियन मार्बल, सिन्क, कोटा, कड़प्पा पत्थर होलसेल रेट पर मिलने का एकमात्र स्थान
पता- टीवीएस शोरूम के बाजू में जबलपुर रोड, बरगवां कटनी
मो. 9425153498, 7067666668

Katni's No. 1
M. 94258 01294
मंजूश्री
LIFESTYLE
कोट सूट।। शेरवानी।। इंडो वेस्टर्न।। ब्लेजर।। कुर्ता जैकेट
MUFTI BLACKBERRYS OCTAVE KILLER
पता- खिरहनी ओव्हरब्रिज के पास हीरागंज, कटनी (म.प्र.) 483501

दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
वेंकटेश इन्डस्ट्रीज
उच्च कोटि तुअर दाल के निर्माता
शिवाजी ब्राण्ड,उड़नपरी
प्रो. टीकमदास ठारवानी
एडीएम लाइन माधवनगर कटनी, मो. 9425162621

BIG BAZAAR Reliance digital TRENDS PLANET FASHION U TURN BOLSA
CITY Mall
Have a Great Festival Season
Shubh Deepawali
GALAXY CITY PRIDE Food Junction MERIDIAN FLAVOURS GRAVITY
Near Main Railway Station, KATNI (M.P.)
Tel : 07622 422408 email : citymallkatni@gmail.com

दीपोत्सव पर आप भी निखारिए अपना रूप
OSAM
Beauty Parlour
स्पेशल ऑफर 28 अक्टूबर से 31 दिसम्बर तक
299 रू. ब्लीच, हैन्ड वैक्स, अन्डर आर्म्स, आइब्रो, फोरहैड, सिम्पल हेयर कट फ्री
499 रू. फ्रूट फेशियल, ब्लीच, हैन्ड वैक्स, अन्डर आर्म्स, आइब्रो, फोरहैड (मेनीक्योर फ्री)
899 रू. गोल्ड, डायमंड फेसियल, ब्लीच, हैन्ड वैक्स, लैग वैक्स फुल, अन्डर आर्म्स, मेनीक्योर, पेडीक्योर, हेयर आयल मसाज आइब्रो फोरहैड (1 क्लीनअप फ्री)
599 रू. लोटस फेशियल, ब्लीच, हैन्ड वैक्स, हाफ लैग वैक्स, अडंर आर्म्स, आइब्रो फोरहैड, हेयर कट (पेडीक्योर फ्री)
दुल्हन मेकप 1 माह पहले से बुकिंग करने पर 1000 रू. की छूट
Beauty Expert- K.M., Mob-8305072898
पता- पोस्ट ऑफिस गली, रघुनाथगंज कटनी

SUZUKI Way of Life!
ALL NEW SUZUKI ACCESS 125
Kam peeta hai
NOW WITH BS6
कम... पीता है
अधिकृत विक्रेता- ओम ऑटोमोबाइल्स
जबलपुर रोड, बरगवां कटनी, फोन-07622-220527
त्यौहारों के इस मौसम में अनेक आकर्षक रंगों में उपलब्ध

सिर्फ नाम ही काफी है.....
कजारिया
भारत की नंबर 1 टाइल्स कंपनी
पता- कजारिया टाइल्स शोरूम एल.आई.सी. के सामने सेल्फी पॉइंट के पास बरगवां, कटनी मो. 9755044511
Kajaria
सिटी आफिस- जनता ट्रेडर्स सुभाष चौक जयदयाल रोड कटनी
मो. 9893562711 फोन नं. 07622- 356475

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)